तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 8 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर राहौद से शिवरीनारायण तक निकाली गई पदयात्रा



## खबर संक्षेप

### पीएम स्वनिधि रोजगार योजना के अंतर्गत ऋण के लिए आवेदन 20 तक

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद अकलतरा क्षेत्रान्तर्गत समस्त 18 वर्ष से 55 वर्ष के आम नागरिकों प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापित किये जाने हेतु व्यक्तिगत ऋण के लिये आवेदन लिया जा रहा है। योजना अंतर्गत पात्र आवेदक को प्रथम ऋण राशि 15 हजार रुपए द्वितीय ऋण राशि 25 हजार रुपए एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रुपए प्राप्त होगी। इच्छुक हितग्राही अपना आवेदन निर्धारित आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, राशनकार्ड, बैंक पासबुक, की छायाप्रति पासपोर्ट साईज 2 फोटो एवं आधारकार्ड से लिंक मोबाईल सहित समय 10.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक 20 नवंबर तक कार्यालय नगरपालिका अकलतरा में जमा कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में प्रधानमंत्री स्वनिधि रोजगार योजना को बेहतर विकल्प बताते हुए पात्र लोगों को इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

### जनजातीय बोली संरक्षण के लिए आदिवाणी ऐप का शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जनजातीय बोलियों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत एआई बेस्ड ट्रांसलेशन टूल का निर्माण किया गया है जिसे आदिवाणी नाम दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिसके प्रथम चरण में देश के 4 प्रमुख जनजातीय बोलियों जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के गोडी, मध्यप्रदेश के भीली. झारखंड के मुडारी एवं ओडिसा राज्य के संथाली बोली को शामिल किया गया है। जिसमें जनजातीय भाषा, बोलियों में अनुवाद कार्य किया जा सकता है जो कि जनजातीय भाषाओं, बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा एवं विलुप्त हो रही जनजातीय बोलियों को संरक्षित कर उसके प्रचार-प्रसार के लिये बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सर्व प्राचार्य शासकीय, अशासकीय महावि., डाइट, आईटीआई से आदिवाणी ऐप का समस्त शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय संस्थानो जनजातीय जनप्रतिनिधियो के माध्यम से आदिवाणी ऐप लिंक का प्रचार-प्रसार करने कहा है।

### कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जल उपयोगिता समिति की बैठक 10 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक सोमवार 10 नवम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2025 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी।

### राछाभाटा में शराब के नशे में किया हंगामा, 112 ने संभाला मामला

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ नगर पंचायत के राछाभाटा क्षेत्र में इंग्लिश शराब भट्टी के सामने एक व्यक्ति शराब के नशे में कपड़े उतारकर तांडव मचाने लगा। इसके बाद 112 की टीम और नवागढ़ थाना पुलिस तुरंत पहुंची और नशे में धुत व्यक्ति को उसके ग्राम किरित पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार इंग्लिश शराब भट्टी नगर पंचायत राछाभाटा के बीच मोहल्ले में बनाई गई है, जो कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और तहसील कार्यालय से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस शराब भट्टी के कारण क्षेत्र में आए दिन नशे में धुत लोगों द्वारा हंगामा और झगड़े की घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस शराब भट्टी को आबादी वाले इलाके से हटाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# बाल विवाह रोकथाम एवं पोषण देखरेख के क्षेत्र में जांजगीर चांपा जिला अव्वल

## 981 से बढ़कर 25 सालों में हो गए 1369 आंगनबाड़ी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



बाल विवाह रोकथाम एवं पोषण देखरेख के क्षेत्र में जांजगीर चांपा जिले ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस क्षेत्र में जिला अव्वल रहा है। साथ ही साथ वर्ष 2000 में जहां 981 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा था, वह 2025 में बढ़कर 1369 हो गया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिले में पिछले 25 वर्षों में विभाग ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण तथा बाल संरक्षण के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। पोषण एवं आईसीडीएस की सेवाएँ वर्ष 2000 में अविभाजित जिले में 981 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित थे, जो बढ़कर वर्ष 2025 में 1369 हो गए हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन प्रयासों से कुपोषण की दरों में कमी आई है जिले में कुपोषण दर में वर्तमान दर 8.89 प्रतिशत तक पहुंची है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक 21483 से अधिक गर्भवती महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है। वहीं मार्च 2024 से प्रारंभ महतारी वंदन योजना के तहत वर्तमान में 2 लाख 83 हजार 704 महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं। इन योजनाओं ने मातृ स्वास्थ्य और नवजात शिशुओं के पोषण में सकारात्मक सुधार लाया है।कन्या विवाह एवं नारी सशक्तिकरण मामले में जिले में वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से 180 जोडों को लाभ मिला है। एवं 2025 में वर्तमान तक 75 जोड़ों को लाभ मिला महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन (181) और महिला थानों की स्थापना की गई है। जिले में 780 महिला स्व-सहायता समूह पूरक पोषण आहार कार्यक्रम का संचालन कर रही हैं, जिससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं। बालको की देखरेख एवं संरक्षण के तहत मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति जिला बाल संरक्षण इकाई चाईल्ड लाइन एवं जेजे एक्ट के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यशालाएँ एवं स्कूल स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं सत्र 24-25 में कुल 40 बाल विवाह रोका गया बाल बाल कल्याण समिति में शुरुआत से अब तक बच्चों के 3338 पर विचार कर 3276 प्रकरणों में बच्चों का परिवार में पुनर्वास किया गया है 62 बच्चों को संस्थागत संरक्षण प्रधान किया गया है। पोषण देखरेख में 10 बच्चों को संरक्षण प्रदान कर जिला प्रथम स्थान पर है जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल ने बताया छत्तीसगढ रजत महोत्सव के अवसर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। वर्तमान में 1330 कार्यक्रम संबंधी पोर्टल पर जानकारी दर्ज की जा चुकी है।जिले की महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाई है।

## हाई कोर्ट के आदेश पर एसपी ने गठित की विशेष टीम

# विधायक के खिलाफ मामले की जांच कर सीएसपी की टीम पेश करेगी चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा




जैजैपुर विधायक पर दर्ज हुए 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने सीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में यह विशेष टीम प्रकरण की विवेचना करके समय सीमा में चालान प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही चालान प्रस्तुत होने तक विधायक पुलिस की सूचना पर अपना कथन दर्ज कराने पुलिस को पूरा सहयोग करेंगे।

गौरतलब है कि बीते अक्टूबर माह में चांपा पुलिस ने जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। फरसवानी निवासी प्रार्थी राजकुमार शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने विधायक एवं तत्कालीन संस्था प्रबंधक बालेश्वर साहू और उसके साथी गौतम राठौर पर प्रार्थी की जमीन से क्रेडिट कार्ड में लोन दिलाने एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाने और चेक व अन्य कागजात में हस्ताक्षर करवाकर 24 लाख रुपए तथा परिजनों के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान से और बड़ी रकम मिलाकर कुल 42 लाख रुपए ठगी करने का मामला कायम किया। दोनों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इधर मामला दर्ज होने के बाद विधायक बालेश्वर साहू ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और एफआईआर को रद्द करने की मांग की। इस पर हुई सुनवाई के उपरांत मिले दिशा निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने इस मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। 7 नवंबर को जारी आदेश के मुताबिक थाना चांपा के अपराध क्रमांक 450/2025 धारा 420, 467, 468, 471, 34 के प्रकरण में उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए विधि अनुरूप समय पर विवेचना कार्रवाई करने और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए सीएसपी योगिताबाली खपर्डे जांजगीर टीआई मणीकांत पाण्डेय और उप निरीक्षक उमेन्द्र मिश्रा की टीम गठित की है। यह टीम प्रकरण की विधिवत विवेचना करके अंतिम रिपोर्ट सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। न्यायालय के आदेशानुसार इस दौरान पुलिस की सूचना पर विधायक बालेश्वर साहू अपना कथन देने उपस्थित होंगे और जांच में पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे।

### क्या है मामला

पुलिस के अनुसार फरसवानी निवासी राजकुमार शर्मा ने शिकायत दी थी, कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच बम्हनीडीह सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक ने उसकी 50 एकड़ जमीन के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने की सलाह दी। इसके बाद एचडीएफसी बैंक चांपा में खाता खुलवाया। इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक आरोपी बालेश्वर साहू और उसके साथी गौतम राठौर ने प्रार्थी से ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए और बैंक खाते से 24 लाख रुपए की राशि अपने तथा अपने परिजनों के खातों में ट्रांसफर कर दी। यही नहीं, आरोपियों ने राजकुमार शर्मा, उसकी मां जयतिन शर्मा और पत्नी नीता शर्मा के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान लगाकर कुल 42 लाख 78 हजार रुपए की निकासी कर ली। शिकायत पर प्रारंभिक जांच की गई और पुलिस जांच में तथ्य सही पाए जाने के बाद समिति प्रबंधक रह चुके बालेश्वर साहू और उनके साथी विक्रेता गौतम राठौर के खिलाफ धारा 420, 468, 467, 471, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में गौतम राठौर की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# मुआवजा राशि की मांग को लेकर प्लांट के मुख्य गेट पर बैठे ग्रामीण

## 2 महिला समेत 4 के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

कंपनी बंद कराने की धमकी देने एवं जमीन की मुआवजा राशि की मांग को लेकर जेएसडब्लयू प्लांट के मुख्य गेट के पास आवागमन अवरूद्ध करने के मामले में 2 महिला समेत 4 लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मामला अकलतरा क्षेत्र के जेएसडब्लयू पॉवर प्लांट का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू केएसके एमपीसीएल कंपनी के मेन गेट के अंदर घुसकर कंपनी को बंद करने की धमकी देने एवं कंपनी के अंदर आने जाने के लिए मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित करने के आरोप में अकलतरा थाने में चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। गुरूवार 6 नवंबर को मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर कुछ लोग ज्ञापन देने के लिए जेएसडब्ल्यू केएसके एमपीसीएल कंपनी के मेन गेट पहुंचे थे। इस दौरान ज्ञापन देने के लिए आए हुए लोगों के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कंपनी के मेन गेट के अंदर घुसकर मुख्य मार्ग पर बैठकर आवागमन को बाधित कर दिया गया एवं कंपनी प्रबंधन के द्वारा समझाइश दिए जाने पर कंपनी को





जेएसडब्लयू मुख्य गेट के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

बंद कर देने की धमकी दी गई। शुक्रवार 7 नवंबर को कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर अकलतरा थाना में ज्योति नोरगे, सत्यप्रकाश निर्मलकर, मनोरमा पटेकर और अमर नायक के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 332 (C), 3 (5) के तहत जुर्म दर्ज किया गया। आरोप है, पूर्व में भी इनके कंपनी को बंद करवाने की धमकी दी जा चुकी है। मुआवजा राशि की बात को लेकर मुख्य गेट पर एक राय होकर आवागमन अवरुद्ध कर दिये थे और लोगों को आने जाने नहीं दे रहे थे। जिनके विरुद्ध थाना अकलतरा पुलिस ने की सख्त कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

## अवैध शराब व गांजा बिक्री पर रोक लगाने महिलाओं ने खोला मोर्चा

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत सारसकेला में अवैध शराब व गांजा बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। इस मामले को लेकर फगुरम चौकी में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शराब व गांजा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।



ग्राम पंचायत सारस केला में महिला सहायता समूह ग्रामीणों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर गांव में अवैध शराब तथा गांजा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। गांव के महिलाएं सभी मोहल्ले में घूम-घूम कर शराब तथा गांजा से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे है। ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले फगूरम पुलिस चौकी में ज्ञापन सौंपकर रोक लगाए जाने का मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार शराब गांजा की बिक्री से उनके बच्चे अब चोरी जैसे गंभीर अपराध करने लग गए हैं। ऐसे में इस पर रोक लगाया जाना बहुत जरूरी हो गया है। इस मामले को लेकर महिलाओं ने फगुरम पुलिस को ज्ञापन सौंपकर इस पर कार्रवाई की मांग की है।

## कोटपा अधिनियम के तहत 36 दुकानों पर दी दबिश, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कोटपा अधिनियम के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा पान मसाला दुकान एवं किराना दुकानों में दबिश दी गई। इस बीच 36 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल व जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रिया एक्का के मागदर्शन में तम्बाकू के उपयोग के नियंत्रण एवं



धुम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव के रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही सक्ती जिले के विकासखंड मालखरौदा व डभरा के आसपास के पान दुकानों, थोक किराना स्टोर्स आदि में की गई। इस एक्ट में धारा 4 के तहत सार्वजानिक स्थान में घुम्रपान प्रतिबंधित है। साथ ही धारा 6 के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को धुम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाये जाने पर समझाइश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिक बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों पर खरीदी बिक्री के प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 36 दूकानों पर 3600 की चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग से भुवनेश्वर मोहिले व दुर्गेश औषधि निरक्षक एंव पुलिस बल शामिल रहे।

## जांच के दौरान रजिस्टर और दस्तावेज संधारण में मिली खामियां

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर जिला प्रशासन की सख्ती, निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विगत दिवस नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत संचालित निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में डिप्टी कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग ओ.आई.सी. प्रीतेश सिंह राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, तथा जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ. सुदर्शन भारद्वाज शामिल थे।टीम ने निरीक्षण के



स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण।

दौरान जैजैपुर विकासखंड के लाइफलाइन हॉस्पिटल परसदा हसौद और महामाया हॉस्पिटल हसौद का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों में रोगी सेवा, स्वच्छता, प्रसूति सेवाओं की उपलब्धता, रिकार्ड संधारण, आवश्यक दस्तावेजों की स्थिति और नर्सिंग होम एक्ट के तहत अनिवार्य प्रावधानों के अनुपालन की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ संस्थानों में आवश्यक रजिस्टर और दस्तावेजों के संधारण में कमियां हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मरीजों की सुरक्षा और सेवा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल प्रबंधन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि दर सूची और मरीज अधिकारों से संबंधित जानकारी अस्पताल परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों और परिजनों को सभी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। साथ ही, प्रतीक्षा कक्ष में बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छता बनाए रखने, प्रसूति और आपातकालीन सेवाओं की वास्तविक उपलब्धता सुनिश्चित करने, तथा उपचार एवं चिकित्सा अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य किसी संस्था को परेशान करना नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। निरीक्षण के दौरान जो कमियां पाई गई हैं, उन्हें दूर करने के लिए संबंधित संस्थानों को समयसीमा दी गई है।

## धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा के जगदल्ला पारा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 7 नवंबर को चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टैंड में एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में तत्काल टीम मौके की ओर रवाना किया गया। टीम के द्वारा नया बस



स्टैंड से एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रघुबीर सिदार निवासी जगदल्ला बताया। जिसके कब्जे से एक तलवारनुमा चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, सहायक उपनिरीक्षक अरुण सिंह , आरक्षक आकाश कालोसिया, शंकर राजपूत का योगदान रहा।


Powered by
DCT Real Estate Developers Bilaspur (c.g.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
Banking Partner
SBI
FORTUNE
ELEMENTS
Presents
CREDAI
BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 NOV 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
आज MISS किया
तो कल पछताएंगे
जो CREDAI एक्सपो में
आज और कल नहीं आयेंगे
Concept & Design @ AdPRAYAS
ये हैं विशेष बस 2 दिन शेष
प्रॉपर्टी बुकिंग पर ई-स्कूटर जीतने का मौक़ा
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Stalls
of Best in Class Building Material Vendors
30+
Housing & Commercial Projects with Best Deals
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Bathcare Partner
Jaquar BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
shree balaji DOORS & PLY
NIRVANA HOMES SIGNATURE VILLA PLOTS
ASA
SOLITAIRE RARITY ISN'T BUILT, IT'S SCULPTED
Vijaya श्री Heritage
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
A PROJECT BY FORTUNE infra • Dream to Reality •
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
GEETANJALI ERA BILASPUR
OoWah EV ka All Rounder
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA Add more to life
Studio CE INTERIORS & HARDWARE
WallingCo Your Walling Partner
वृंदावन ग्रीन्स VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI BUILDING SOLUTIONS One Stop Solution For All Your Construction Needs
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL VRINDAVAN BUILDCON
KRISHNA RISING TOGETHER
GWALANI GROUP BUILT ON TRUST
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK YOUR PERFECT BANKING PARTNER
vision vistara REAL ESTATE, REDEFINED
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA DREAM BIG, LIVE WELL
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360° INFRA SOLUTIONS Your one-stop team for every solution
INDU
कृष्णा पुरम
Aishwaryam
Anand Vihar Your Dream Destination
CHITVAN Farm
DIWANJI
HDFC BANK
Vijay ADVERTISERS & CONSULTANCY
कुदन पैलेस, श्रीकात वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) | 78980-32660

**खबर संक्षेप**

## करनौद में कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्री रामकथा प्रारंभ



**तालदवेरी-करनौद।** ग्राम पंचायत करनौद के डडसेना निवास में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा ब्यास महराज अजय उपाध्याय (चित्रकूट धाम) वाले है। मुख्य यजमान सरपंच श्रीमति रेवती शैलेन्द्र डडसेना, श्रीमती चित्ररेखा राजेंद्र कुमार डडसेना है। कथा 6 नवंबर को गुरुवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। यह कलश को यात्रा कीर्तन डीजे करमा के साथ यज्ञ स्थल से निकल कर ग्राम भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर , संतोषी मंदिर, समलाई मंदिर पंचमुखी से होते हुए जलतारे मोहल्ला से ठाकुरदेव मंदिर से बंधवा तालाब पहुंची, जहां से जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। 14 नवंबर को हवन,सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोजन, देव विसर्जन कार्यक्रम होगा। आयोजन को सफल बनाने श्रीमती लक्ष्मी देवी मनोहर लाल डडसेना, श्रीमती फिर बाई चंद्रभूषण डडसेना भूत पूर्व जनपद सदस्य, श्रीमती निरूपा कोमल डडसेना, खगेन्द्र डडसेना, घनश्याम डडसेना, दुर्गा प्रसाद डडसेना, अमित डडसेना, राघवेंद्र डडसेना, आयुष डडसेना, निखिल सहित ग्राम वासी जुटे हुए है।

## कपड़ा व्यापारी ने 40 नग स्कूल बैग व 80 स्कूल ड्रेस किया प्रदान



**राहौद।** कपड़ा व्यापारी देवेंद्र श्रीवास बुंदेला ने व्यापारी सेवा समिति को स्कूली बच्चों के लिए सामाग्री प्रदान किया है। जरूरतमंदों मे वितरण हेतु देवेंद्र श्रीवास बुंदेला ने व्यापारी सेवा समिति को 40 स्कूल बैग, 80 स्कूल ड्रेस व सलवार-सूट प्रदान किए। व्यापारी सेवा समिति की कपड़ा दान पहल से प्रेरित होकर समाजसेवी लगातार सेवा कार्य में आगे आ रहे हैं।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हमेशा रहेंगे तत्पर




**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष रविन्द्र राठौर के प्रथम बिर्रा आगमन पर छत्तीसगढ़ शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने रंगगुलाल फूलमाला पहनाकर आतिशबाजी के साथ गर्म जोशी से उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष रविन्द्र राठौर को शासकीय प्राथमिक शाला फूलवारीपारा में स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संकुल केन्द्र डीडीएस संकुल केन्द्र सिलादेही व संकुल केन्द्र बिर्रा के शिक्षक शिक्षिका ने फूलमाला और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने कहा कि शिक्षक की समस्या को लेकर हमेशा मुखर रहूंगा तथा इसके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिर्रा क्षेत्र से उनका पुराना लगाव रहा है तथा इस क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिका ने अपना अपनत्व दिया है। यह हमेशा यादगार पल रहेगा। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष हरीश गोपाल, बम्हनीडीह ब्लाक अध्यक्ष संजय चौहान, छत्तीसगढ़ शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन मंत्री छबिपटेल, शैक्षिक समन्वयक लखनलाल कश्यप, प्रधान पाठक दामोदर देवांगन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक मथुरा मधुकर तथा अंत में में आभार प्रर्दशन प्रधान पाठक संतराम कश्यप ने किया। इस दौरान नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष रविन्द्र राठौर व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हरीश गोपाल का पुष्प गुच्छ श्रीफल शाल मेमोटो गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

### ग्राम सरखों के नवधा रामायण में शामिल हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष

# रामायण हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने देती है सीख : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ग्राम सरखों में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण के कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुये श्री चंदेल ने कहा कि रामायण ग्रंथ हमे सिखाती है कि हमें हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। रामायण ग्रंथ हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य, त्याग और मर्यादा जैसे जीवन मूल्यों की सीख देता है। यह सिखाता है कि बुराई पर अच्छाई की हमेशा जीत होती है और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और साहस से काम लेना चाहिये। इसके अतिरिक्त यह माता-पिता का सम्मान, भाईयों से प्रेम, गुरूओं का सम्मान करने और एक-दुसरे के प्रति समर्पण भाव रखने की शिक्षा देता है। रामायण से हमे एक बड़ी सीख मिलती है कि जिस भगवान का नाम लेने से लोग पुल से सागर पार कर गये वैसे ही उनका नाम लेने से इस भवसागर से पार हो सकते है। छ.ग. की भूमि माता कौशिल्या की भूमि है इसे कौशल राज कहा जाता है, यह भगवान राम का ननीहाल है, यहां गांव-गांव में नवधा रामायण, रामलीला, कृष्णलीला जैसे अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमारे संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सर्मपूर्ण समाज से आहवान किया कि राम और रामायण के बताये गये रास्ते पर चले, धर्म के मार्ग पर सदैव आगे बढ़े, हम सब लोग समाज के नवनिर्माण के दिशा में प्रयास करे और समाज में व्याप्त कुरितियों को दूर करे। श्री चंदेल ने नवधा रामायण के आयोजन के लिये आयोजन समिति को धन्यवाद एवं बधाई दिया। श्री चंदेल विगत दिनों ग्राम बरगांव, ग्राम बरबसपुर में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण व जांजगीर भाठापारा में आयोजित शिव महापुराण कथा सहित क्षेत्र व अंचल में आयोजित अनेक स्थानों पर नवधा रामायण एवं श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल हुये। ग्राम सरखों में श्री राम दरबार पहुंचने पर श्री चंदेल का नवधा रामायण समिति ने श्रीफल भेट कर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर जि.पं. सासंद प्रतिनिधि विवेका गोपाल, महादेव साहू, बलराम राठौर, संजय राठौर, बल्लू राठौर, लोचन साव, उमेश राठौर, संतोष यादव, शेष साव, रघुवीर साव, गोपाल साव, गोपाल राठौर, अमरीश श्रीवास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्राम के नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्कूलों में विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से कराएं

**चांपा।** स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के वीडियो कांफ्रेंसिंग की बैठक में मिले निर्देश के परिपालन में बम्हनीडीह बीईओ रत्ना थवाईत ने विकासखण्ड के शैक्षिक समन्वयकों की बैठक ली । बैठक में उन्होंने शिक्षा में चल रहे अनेक योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए। उन्होनें बैठक में शैक्षिक समन्वयकों को अकादमिक स्तर पर ज्यादा फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी निर्माण की प्रगति , युडाइस अपडेशन , बालवाड़ी प्रगति , शाला निर्माण , शौचालय निर्माण की प्रगति, वीरगाथा 5.0 के क्रियांवयन , उल्लास की प्रगति , पीएम पोषण निर्माण योजना की गुणवत्ता की समीक्षा की और जो भी कार्य अपूर्ण है या प्रगति पर है उन्हें शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए । उन्होंने बैठक में कहा कि सभी स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए मेंटर नियुक्त करावें । उन्होंने इस साल पांचवी एवं आठवीं परीक्षा की होने वाली केंद्रीयकृत परीक्षा में सभी प्राइवेट स्कूलों को शामिल कराना है। दिसम्बर में होने वाले परख परीक्षा की भी तैयारी कराने के निर्देश दिये। बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि युडाइस अपडेशन में बम्हनीडीह ब्लॉक प्रथम है जो आपके प्रयासों का परिणाम है ऐसे ही जो भी अनेक योजनाएं संचालित है उनका भी शत प्रतिशत क्रियांवयन कराने का प्रयास करें ताकि बम्हनीडीह का जिले में हमेशा स्थान बना रहे।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# भाजपा की विचारधारा से जोड़कर सरकार की योजनाओं का दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- **पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू एवं साथ में पहुंचे प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू का कचहरी चौक एवं भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है और ओबीसी वर्ग में जिस समाज की संख्या कम है, अगर वह भारतीय जनता पार्टी से नहीं जुड़ पाए हैं तो ऐसे लोगों को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़कर छत्तीसगढ़ की सरकार की योजनाओं का लाभ हमको दिलाना चाहिए तथा संगठन में भी ओबीसी समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री डॉ. खिलावन साहू ने कहा कि मोदी जी ने ओबीसी आयोग को सवैंधानिक दर्जा , 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मेडिकल डेंटल नीट में ओबीसी वर्ग के आज 5500 बच्चे चयनित हो रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय में भी पिछड़े वर्ग के बच्चों का चयन हो रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आज पिछड़े वर्ग के लोगों को मिल रहा है । कार्यक्रम को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े,जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भी संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन मोर्चा जिलाध्यक्ष कीर्तन चंद्रा, संचालन महामंत्री कवि वर्मा एवं आभार महामंत्री देव कुमार साहू ने किया।

## रावत नाच महोत्सव 17 को, शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**पामगढ़।** पामगढ़ में इस वर्ष दूसरी बार रावत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन यादव समाज पामगढ़ के तत्वावधान में आगामी 17 नवम्बर सोमवार को संपन्न होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। रावत नाच महोत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और परंपराओं को संरक्षित व प्रोत्साहित करना है। इस दौरान विभिन्न दलों द्वारा पारंपरिक रावत नाच, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो समाज की समृद्ध विरासत का प्रतीक होंगी। यादव समाज पामगढ़ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

## ज्ञानोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने रजत जयंती वर्ष पर बिखेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 को "रजत जयंती वर्ष" के रूप में पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के विद्यार्थियों ने जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राज्य की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत "सुआ गीत – फुलगे चिरैया" पर मनमोहक नृत्य ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। नृत्य की ताल, हावभाव और रंग-बिरंगे परिधानों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। विद्यालय का सांस्कृतिक आयोजन डॉ. सुरेश यादव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय से प्रिया कोसरे, रीनू राठौर, राकेश पथारे एवं विनोद कुमार बरेठ शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।



# चांपा प्रीमियर लीग के पांचवे संस्करण का लोगो एवं ट्रॉफी अनावरण

**चांपा।** मॉर्निंग क्रिकेट परिवार के तत्वावधान में आयोजित चांपा प्रीमियर लीग (सीपीएल) के पांचवे संस्करण का लोगो एवं ट्रॉफी अनावरण समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। इस वर्ष चांपा प्रीमियर लीग 2025 का मुख्य प्रायोजक डीबी वेंचर रहेगा।

आयोजन की जानकारी संयुक्त प्रेसवार्ता में मॉर्निंग क्रिकेट परिवार एवं डीबी वेंचर के डायरेक्टर धीरेन्द्र वाजपेयी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, सीएमओ तथा सीपीएल-2025 की आठों टीमों के फ्रेंचाइजी गण उपस्थित थे। मॉर्निंग परिवार ने बताया कि खेलो इंडिया से प्रेरित होकर क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में सीपीएल की शुरुआत की गई थी, जो अब लगातार विकसित होकर एक भव्य खेल आयोजन का रूप ले चुका है। मुख्य प्रायोजक बनने पर डीबी वेंचर के डायरेक्टर धीरेन्द्र वाजपेयी ने कहा कि पिछले चार सीजन से हम इस आयोजन पर नजर बनाए हुए थे, पांचवे संस्करण में प्रायोजक बनने का अवसर पाकर हमें खुशी है। आने वाले वर्षों में भी हम इस लीग से जुड़े रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने भालेराव मैदान के रख-रखाव एवं सहयोग संबंधी प्रश्न भी पूछे। इस पर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि मैदान के संरक्षण एवं विकास को लेकर प्रशासन पहले से संवेदनशील है।

भालेराव मैदान के सौंदर्यीकरण व विकास हेतु योजनाएं उच्च विभाग को भेजी गई हैं। वहीं डीबी सीपीएल से पूर्व मैदान में रंग-रोगन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इस वर्ष सीपीएल-2025 में 8 फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी। पहला अशोका राइडर्स – ऑनरः अशोक, दिलीप, दूसरा आरएस चैलेंजर – ऑनरः राजीव, सुदेश, तीसरा शौर्य सुपर किंग – ऑनरः जानू खुल्लर, चौथा मां प्लाई चांपा – ऑनरः जगदीश शर्मा, पांचां एनवाई रॉयल – ऑनरः नारायण, योगेश, छठवां अबराज गोल्ड – ऑनरः नकिब खान, एसबी लेजेंडर्स – ऑनरः आदित्य मेडी, आठवां सिद्धिविनायक वॉरियर्स – ऑनरः अंशु, पारस एवं प्रेम है।

## लोकगायिका आरु साहू के गीतों पर झूमे दर्शक

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बोड़सरा में चल रहे दस दिवसीय श्यामकार्तिक महोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। पूरे ग्राम में श्रद्धा, उल्लास और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सुगंध फैली रही। ज्ञात हो कि बोड़सरा में श्यामकार्तिक महोत्सव की परंपरा पिछले 45 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इस वर्ष का आयोजन 27 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था। प्रतिदिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव के अंतिम दिवस 5 नवम्बर को प्रदेश की लोकगायिका आरु साहू ने अपनी मधुर आवाज़ और छत्तीसगढ़ी गीतों की सुरधारा से ऐसा वातावरण बनाया कि पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आरु साहू ने 'काली काली महाकाली' और 'तितली तितली बन मैं उड़ जाऊं रे' जैसे प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। महोत्सव के दौरान हनुमान चौक राजापारा, खैरवार पारा और पालीभांठा ग्राम में भी ख्यातिलब्ध कलाकारों ने मंच संभाला। इस दौरान जसगीत,कवि सम्मेलन,पंडवानी विधा की प्रस्तुति जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मेला स्थल पर झूले, फूड स्टॉल और विविध प्रदर्शनियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। महोत्सव के अंतिम दिवस भगवान श्यामकार्तिक की प्रतिमाओं का विसर्जन विधि-विधानपूर्वक किया गया। कर्मा नृत्य की थाप और जयघोषों के साथ पूरा वातावरण श्यामकार्तिक भगवान की जयके नारों से गूंज उठा।



TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- माहवारी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल सुरेश चन्द्र देवांगन पिता श्रीराम देवांगन निवासी ग्राम देवांगन पारा चांपा तहसील चांपा के द्वारा ग्राम सिवनी तहसील चांपा स्थित भूमि ख. नं. 392/2 एवं 392/9 कुल रकबा 0. 69 एकड़ को भूमि स्वामी शिवेन्द्र प्रताप सिंह पिता कौशलेन्द्र सिंह एवं सूर्यप्रताप सिंह पिता कौशलेन्द्र सिंह के नाम पर है को भूमि स्वामी से खरीदने का सौदा किया है और सौदे के तहत शीघ्र उक्त भूमि के विक्रय पत्र की लिखापढ़ी रजिस्ट्री होना है. अतः इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि पर कोई हित हो वे अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन दिनांक से दस दिन के अन्दर मय दस्तावेज आपत्ति मुझे दे सकते है। समय बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
दिनांक 06/11/25

**भवदीय**
**शिव कुमार तिवारी, अधिवक्ता**
**राजापारा चांपा, तहसील चांपा**

**कार्यालय अति. तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

### ईश्तहार

क्रमांक / Q/ तह./वा./25 पामगढ़,
दिनांक 04/11/25

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक सुनीता यादव पति जय यादव जाति यादव ग्राम मेंहदी थाना पामगढ़/ मुलमुला तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है की आवेदक अपने पति जय यादव पिता बलीराम का मृत्यु दिनांक 27/12/2010 को ग्राम मेंहदी पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम मेंहदी में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/11/25 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 04/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

### ईश्तहार

क्रमांक / 1341/स्टेनो/अ.वि.अ./2025
ग्राम-कुटराबोड़, प.ह.नं.-15, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत, भानु पिता गोपाल जाति सतनामी साकिन पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुटराबोड़ तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-320/35 में से रकबा 0.06 1/2 एकड़/0.026 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 19/12/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बादं प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 04/11/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सक्षम प्राधिकारी पामगढ़**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र /ब-121/2025-2026
ग्राम- मौहाडीह तहसील-सारागांव
आवेदक श्री राजेश कुमार राठौर उम्र 26 वर्ष पिता श्री सम्मेंलाल राठौर जाति तेली निवासी मौहाडीह पो.आ.झरना तहसील व थाना सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका राधा गोंड़ उम्र 23 वर्ष पिता श्री बुधेश्वर गोंड़ जाति गोंड़ निवासी ग्राम मौहाडीह पो.आ.झरना तहसील व थाना सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

### ईश्तहार

आम जनता ग्राम मौहाडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश कुमार राठौर उम्र 26 वर्ष पिता श्री सम्मेंलाल राठौर जाति तेली निवासी मौहाडीह पो.आ. झरना तहसील व थाना सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका राधा गोंड़ उम्र 23 वर्ष पिता श्री बुधेश्वर गोंड़ जाति गोंड़ निवासी ग्राम मौहाडीह पो.आ.झरना तहसील व थाना सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 12.11.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

### ईश्तहार/उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र....अ-2/2025-26 ग्राम.....
सिवनी..... प.ह.न.......02...तहसील चांपा
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिवनी प.ह.न....02.... तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री विजय अग्रवाल पिता रामगोपाल अग्रवाल निवासी ग्राम-चांपा तहसील-चांपा जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21.11 2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूचीः-** खसरा नंबर 2050/1/क/1, 2050/1/क/2, 2050/1/क/3, 2050/2/क/1, 2050/2/क/2, 2050/2/क/3, रकबा क्रमशः 0.061 हे., 0.061 हे., 0.061 हे. 0.037 हे., 0.037 हे., 0.037 हे., कुल रकबा 0.294 हेक्टेयर भूमि .....लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 06/11/2025 को जारी किया गया।

खबर संक्षेप

## ग्राम पंचायत मौहाडीह के निर्माण कार्यों की अब तक नहीं हुई जांच



**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत मौहाडीह में विकास कार्यों को लेकर जांच की मांग के बावजूद अब तक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार आवेदक अमन सिंह ठाकुर ने बताया कि 14वें व 15वें वित्त आयोग, मूलभूत, डीएमएफ मद, शौचालय निर्माण, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, सांसद, विधायक मद, मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के कार्यों की जांच स्टीमेट पंचायत प्रस्ताव, रजिस्टर केश बुक, जीएसटी बिल व बाउचर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) के साथ भौगोलिक परीक्षण कर संबंधित उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में उनके समक्ष पंचनामा तैयार कर जांच की मांग 1 सितंबर 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है। आवेदक का कहना है कि शिकायत किए दो महीने बीत जाने के बावजूद शासन-प्रशासन की टीम मौहाडीह जांच करने नहीं पहुंची, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में जनपद पंचायत बम्हनीडीह की सीईओ प्रज्ञा यादव का कहना है कि जांच टीम गठित हो गई है। इसी हफ्ते जांच हो जाएगी ।

## वीरभाठा में झमाझम डांस प्रतियोगिता का

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ प्रांत की रजत जयंती के अवसर पर ग्राम वीरभाठा (मालखरौदा) में शनिवार 8 नवंबर को झमाझम डांस प्रतियोगिता रखी है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच बुद्धेश्वर नाविक की अध्यक्षता एवं जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा की गर्म में उपस्थिति में होगा। मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव होंगे। प्रतिभाशाली नर्तकों को नगद पुरस्कार पहला 10001 रुपए, दूसरा 60001, तीसरा 5000, चौथा 4000, पांचवा 3000, छठवां 2001 रुपए, सातवां 1501 रुपए, आठवां 1011, नवां 1001 रुपए और दसवां 1000 रुपए दिया जाएगा। मंच संचालक किशोर नाविक, उमेंद यादव, पंचायत सचिव रमेश कुमार साहू पूर्व सरपंच लक्ष्मी मोहन ठाकुर, रणविजय मरावी, रामेश्वर यादव नारायण यादव, वोट लाल केंवट, कृष्ण महन एवं विक्कू यादव आदि कार्यकर्ता व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती जिले के सचिव बनाए गए आयुष

**सक्ती।** सक्ती जिले के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा को छत्तीसगढ़



नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन का सक्ती जिले का सचिव नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह एवं आरती सिंह एवं प्रदेश महासचिव प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद द्वारा की गई है। सचिव की नई जिम्मेदारी मिलने पर आयुष शर्म ने कहा कि जिस विश्वास के साथ फाउंडेशन ने उन्हें सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी सक्रियता एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगे। गठन कर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष शर्मा ने इसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र एवं जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव का आभार व्यक्त किया है। आयुष के सचिव बनाए जाने पर नागरिक सुरक्षा फाउंडेन के सभी सदस्यों व नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### निधन

## श्रीमती हीरादेवी खरे

**पामगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नोटरी



मनोज खरे की माता श्रीमती हीरा देवी खरे का 68 वर्ष की आयु में शुक्रवार 7 नवम्बर की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है । वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन सहित नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सांसद खेल महोत्सव, लखपति दीदी, स्वच्छता हितग्राही दीदी, गौ सेवकों को किया गया सम्मानित

# लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर राहौद से शिवरीनारायण तक निकाली गई पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

पूरे देश में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार 7 नवंबर को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की मुख्य आतिथ्य में नगर पंचायत राहौद से नगर पंचायत शिवरीनारायण तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिसके तहत राहौद बुंदेला चौक से धरदेई, लोहर्सी, खरौद होते हुए शिवरीनारायण अटल परिसर तक पदयात्रा निकाली गई।

इस दौरान ग्राम धरदेई में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव के खिलाड़ियों, लखपति दीदी, स्वच्छता हितग्राही दीदी, गौसेवकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही गार्बेज फ्री शिवरीनारायण के तहत स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता कीट वितरण की गई। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं जनप्रतिनिधियों ने शिवरीनारायण स्थित अटल चौक पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही शिवरीनारायण एवं राहौद में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। यूनिटी मार्च के दौरान सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह यूनिटी मार्च पूरे देश में एकता, अखंडता और विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 'विकसित भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस प्रकार देश को एक सूत्र में पिरोया, उसी भावना के साथ हम सबको आगे बढ़ना है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। पूरे देश में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। सरदार पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए बिताया। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि हम सबको यह जानना चाहिए कि किस तरह से हमें आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस श्रद्धा से उन्होंने अपने कर्म और समर्पण से एक उदाहरण प्रस्तुत किया उनके अथक प्रयासों का प्रतिरूप आज हम सबके सामने है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जिस एकता के सूत्र में पूरे देश को पिरोया, वही प्रेरणा आज हमें भी लेनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि भारत माता के सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों में बंटे देश को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके जीवन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि यदि सरदार पटेल न होते, तो आज भारत का नक्शा वैसा नहीं होता जैसा हम देखते हैं। उनका योगदान भारत को एक सशक्त और अखंड राष्ट्र बनाने में अमूल्य रहा है। पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने कहा कि पूरा देश में हर घर में सरदार पटेल की बात पहुंचे। देश की स्वतंत्रता और एकता के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी। हम साथ चलेंगे साथ रहेंगे और साथ विकास करेंगे। साथ ही कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, गुलाब चंदेल, अमर सुलतानिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी रजवाड़े, नरेंद्र कौशिक, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, उप निर्देशक मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार बिलासपुर संभाग डॉ दिनेश यादव, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करती सांसद एवं साथ में अन्य अतिथि।



# नशा परिवारों को तोड़ने के साथ आर्थिक स्थिति करता है कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

सबरिया समाज को मुख्यधारा में लाने और खेती किसानी, पशुपाल, सब्जी बाड़ी करने एसडीओपी ने समाज के साथ चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से शराब बनाना गैरकानूनी है, इसके चलते जेल की सजा के साथ आर्थिक दंड भी भुगतना पड़ सकता है।

- महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने शराब निर्माण और सेवन से दूर रहने ली शपथ

पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले भर में नशा मुक्ति अभियान लगातार प्रभावशील रूप से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सबरिया समाज को मुख्यधारा में जोड़ने तथा अवैध शराब निर्माण पर रोक लगाने के उद्देश्य से एसडीओपी यदुमनी सिदार एवं बम्हनीडीह थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने सबरिया समाज गोविन्दा के लोगों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि नशा परिवारों को तोड़ता है, आर्थिक स्थिति कमजोर करता है और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाता है। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि अवैध रूप से शराब बनाना गैरकानूनी है, इसके चलते जेल की सजा के साथ आर्थिक दंड भी भुगतना पड़ सकता है। अतः सभी लोग इस कार्य को तुरंत बंद करें और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी एक स्वर में शराब निर्माण और सेवन से दूर रहने की शपथ ली। एसडीओपी सिदार और थाना प्रभारी सिंह ने समाज के लोगों को वैकल्पिक रोजगार के रूप में खेती, बकरी पालन, पशुपालन, सब्जी उत्पादन जैसे आजीविका साधनों को बढ़ावा देने की जानकारी भी प्रदान की और कहा कि प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि अब वे नशा छोड़कर विकास और रोज़गार की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बैठक में बड़ी संख्या में महिला, युवा एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम मल्दा के कोंधिपारा मोहल्ले के बजरंगबली के प्रांगण में भव्य



कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का 6 नवंबर गुरुवार को शुभारंभ हुआ। बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाला गया, जिसमें महिलाएं सहित युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुई । कथा वाचक आचार्य रोशन शर्मा महाराज एवं यज्ञाचार्य पं रोहनकृष्ण शर्मा (मारुति धाम) है। श्री राम कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कथा का समापन शुक्रवार 14 नवंबर को होगा। बाहर से आने वाले श्रोताओं के लिए रात्रिकालीन में भोजन का व्यवस्था किया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप, उपाध्यक्ष रामगोपाल कश्यप, सचिव भानु कश्यप, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार,किशोर कुमार आदि को बनाया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य गण और ग्रामवासी बड़ी संख्या में जुटे हुए है।

## बच्चों की सीखने की क्षमता को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बीआरसी प्रशिक्षण हॉल में एफएलएन मेला के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ देवकांत द्विवेदी एवं बी.आर.सी.शैलेन्द्र सिंह बैस की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवकांत द्विवेदी ने कहा कि एफ एल एन

- प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में गुणवत्ता हेतु बीआरसी भवन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

मेला बच्चों की सीखने की क्षमता को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर है, जो शिक्षण को आनंदमय बनाएगा।" इसे प्रत्येक विद्यालयों में पूरे उत्साह के साथ क्रियान्वयन करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि एफ एल एन मेला सफल हो सके। शैलेंद्र सिंह बैंस ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी बच्चों को निर्धारित समय में आधार भूत शिक्षण को प्रभावी ढंग प्रस्तुत करने हेतु आगामी 14 नवम्बर को विकास खण्ड की प्रत्येक शासकीय शाला में एफ एल एन मेला आयोजित किया जाएगा। बैठक में इस विषय पर प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत चर्चा हुई कि एफ एल एन मेला क्यों और कैसे मनाया जाता है तथा इसका उद्देश्य बच्चों के मूलभूत शिक्षण एफ एल एन को सशक्त बनाना है। उन्मुखीकरण सत्र के दौरान शिक्षकों ने यह तय किया कि मेले में गणित, हिंदी,अंग्रेज़ी और बालवाड़ी के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। इस कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए शिक्षकों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह ने अपने विषय से संबंधित अवधारणाओं का निर्माण किया और प्रस्तुति दी कि विद्यालय स्तर पर स्टॉल किस प्रकार तैयार किए जाएंगे। इस अवसर पर बीआरजी अलकीन खान, रश्मि दुबे, बबीता कुर्रे सहित शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में अज़ीम प्रेम जी फाउंडेशन के सदस्यों का सहयोग रहा।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

## नागरिक शिक्षा फाउंडेशन ने रेल हादसे में मृत लोगों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**सक्ती।** नागरिक शिक्षा फाउंडेशन के बैनर तले बिलासपुर के लाला खदान के पास हुए रेल हादसे में मृत लोगों की आत्मा के शांति के लिए शाम 7 बजे शक्ति के अग्रसेन चौक में श्रद्धाजंली सभा आयोजित की गई। फाउंडेशन की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती निहा गुप्ता ने गायत्री मंत्र जापकर मृत आत्मा को शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया एवं सभी ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव, महिला जिला अध्यक्ष निहा गुप्ता, प्रदेश सह सचिव दीपक गुप्ता, जिला प्रवक्ता राजीव लोचन ठाकुर, युवा जिलाअध्यक्ष अमन डालमिया, सहसचिव राजा सोनी ,सहसचिव गोपाल गौतम ,ऊकार यादव मारवाड़ी युवा मंच जिला अध्यक्ष मनीष कथुरिया , भुरु अग्रवाल , चंद्रप्रकाश तिवारी ,मोहन अग्रवाल कालू अग्रवाल,सुरेश साहू, आम नागरिक उपस्थित थे।



## प्राचीन शबरी मंदिर में महिला मंडली ने किया भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

छत्तीसगढ़ की काशी खरौद में स्थित प्राचीन सबरी मंदिर में प्रति माह के पूर्णिमा को खरौद के महिला मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया जाता है। इसी संदर्भ में कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को माता शबरी के पूजन पश्चात

- उपस्थित को तुलसी माता के महिमा का सुनाया गया वर्णन

महिला मंडली द्वारा मधुर स्वर से भजन कीर्तन किया गया।

महामाया आध्यात्मिक परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्णमासी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने अपने उद्बोधन में तुलसी माता के महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि एक मुसलमान भाई जो अपने धर्म कर्म में तत्पर रहता था के प्रभाव स्वरूप उन्हें यमदूतोंका साक्षात्कार हुआ दूतो ने उन्हें एक व्यक्ति जो कभी अच्छा कार्य नहीं किया था के उसी क्षण उसकी मृत्यु के रहस्य के बारे में बताया उनके बताएं अनुसार उन्हीं के बैलने उसव्यक्ति को उठाकर पटक दिया और वह मर गया इस पर दूतोंको पछतावा हुआ की हम उन्हें यमलोक नहीं ले जा सकते क्योंकि वह उछलकर मरा अवश्य किंतु तुलसी पेड़ के ऊपर गिरा यमदूतों ने कहा कि अब वह विष्णु लोक का अधिकारी हो गया है इस सच्ची घटना को देखकर उस मुस्लिम भाई ने अपने सभी सदस्यों को तुलसी कंठीमाला पहनाया और घर में तुलसी का वृक्ष लगाया। अध्यात्मपरिषद के धन साय यादव ने कार्तिक पूर्णिमा और खरौद के जल घाट के महत्व के बारे में समझाया। स्वर्गीय जगदीश यादव की धर्मपत्नी जानकी देवी ने प्रसाद एवं आर्थिक सहायता प्रदान की। कार्यक्रम में गौरी यादव, पीतांबरी आदित्य, सावित्री केवट, भूरी बाई आदित्य, मदालसा यादव, मंगली बाई आदित्य, रमा आदित्य, शांति श्रीवास, ललिता थवाईत, पुष्पा आदित्य, कौशल्या यादव, भगवती साहू, फगनी आदित्य, फागुनी नोनिया, परमेश्वरी श्रीवास, सुमित्रा आदित्य, त्रिवेणी यादव, कमला देवी यादव, नीलम यादव, पार्षद दुलारी बाई आदित्य, छठ बाई आदित्य, श्यामा आदित्य, सोनकुंवर आदित्य, कावेरी यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


भजन-कीर्तन में उपस्थित महिलाएं।

## विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को अकलतरा विकासखंड के ग्राम-परसाही(नाला) में साहू समाज के लिए 10 लाख रू लागत राशि से निर्मित सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर समाज को समर्पित किया। साथ ही मंदिर परिसर में बनने वाले भक्त माता कर्मा मंदिर का भूमिपूजन किया।

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज हमेशा से सेवा भाव,भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने वाला एवं सामाजिक एकजुटता के लिए जाना जाता है,आगे उन्होंने कहा कि समाज में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया एवं हमेशा सहयोग करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने गाँव की महिलाओ की माँग पर पचरी निर्माण की स्वीकृति की घोषणा किया। कार्यक्रम में बिलासपुर रेल हादसों के मृत लोग को श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी एवं साहू समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह।

# मानस गायन में महासमुंद की प्रखर प्रज्ञा मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम तुलसी के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में आयोजित अखंड नवधा रामायण के अंतिम दिवस मानस गायन प्रतियोगिता का

- प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में हुआ भक्तिमय आयोजन

आयोजन किया गया, जिसमें लोक संगीत शास्त्री संगीत और फिल्मी संगीत तीनों विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मानस मंडलियों को प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ और पंचम पुरस्कार प्रदान किया गया।

नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुलसी में श्री अखंड नवधा रामायण यज्ञ का आयोजन ग्राम के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला के स्मृति में हुआ। नवधा रामायण का शुभारंभ 25 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। समापन 5 नवंबर को हवन, सहस्त्रधारा के साथ किया गया। इस दौरान 4 नवंबर की रात्रि मानस गायन प्रतियोगिता का फाइनल आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में महासमुंद के प्रखर प्रज्ञा मानस परिवार को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार कोरबा के छग के दुलरवा बेटा मंडली को मिला। तृतीय पुरस्कार बावनबुड़ी के नीलकंठ यादव मानस मंडली को और चतुर्थ पुरस्कार लोक लहर मानस मंडली पलाड़ीकला को मिला। शास्त्रीय संगीत में दर्राभांठा के कार्तिकराम कश्यप की मानस मंडली को, द्वितीय कुरियारी के जयराम, तृतीय सेमरा के भरतलाल साहू और चतुर्थ पुरस्कार मस्तूरी के नीतू मानस मंडली को प्रदान किया गया। फिल्मी संगीत में हिर्री बिलासपुर के प्रेम सरोवर मानस मंडली को प्रथम पुरस्कार, जैजैपुर के प्रमोद चंद्रा को द्वितीय, करही के बालाजी मानस मंडली को तृतीय और महंत के केशव मानस मंडली को चतुर्थ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के देवराज कश्यप, छहुराम यादव, सूरज नागेश, लखन साहू, श्यामलाल कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, जगेशर कश्यप, प्रहलाद कश्यप, जगदीश निर्मलकर सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


विजेता मानस मंडली को पुरस्कार प्रदान करते सरपंच राजेश रोशन एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी।

